BSES

त्योहारों के लिए बीएसईएस ने शुरू की *तत्काल सेवा*

दुर्गा पूजा व रामलीला के लिए
एक दिन में मिलेगा बिजली का कनेक्शन

नई दिल्लीः 23 सितंबर। दुर्गा पूजा, रामलीला व दीवाली से जुड़े आयोजनों में जल्द से जल्द बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए बीएसईएस ने *तत्काल सेवा* शुरू की है। इसके तहत, बिजली का अस्थायी कनेक्शन एक दिन में उपलब्ध करा दिया जाएगा। बीएसईएस की तत्काल सेवा से जहां पूजा, रामलीला, आदि के आयोजकों को बिना किसी परेशानी के बिजली का कनेक्शन मिलेगा, वहीं इस पहल से धार्मिक आयोजनों में डीजल जेनरेटरों के उपयोग में कमी आएगी, जिससे दिल्ली का पर्यावरण बेहतर होगा। यही नहीं, इससे रामलीला आदि के आयोजकों की जेब पर बोझ भी कम पड़ेगा, क्योंकि जेनरेटर की बिजली के मुकाबले ग्रिड की बिजली सस्ती है। ग्रिड की बिजली सुरक्षित है, शोर–मुक्त व प्रदूषण रहित भी है।

एक दिन के भीतर अस्थायी कनेक्शन पाने के लिए उपभोक्ताओं को आवेदन करते वक्त सभी जरूरी कागजात देने होंगे और डिमांड नोट का भुगतान करना होगा। आवेदन करते ही अगर उपभोक्ताओं की ओर से जरूरी कागजात जमा करा दिए जाते हैं और डिमांड नोट का भुगतान कर दिया जाता है, तो आवेदन वाले दिन ही उन्हें बिजली का कनेक्शन दे दिया जाएगा। आमतौर पर अस्थायी कनेक्शन की प्रक्रिया में तीन से पांच दिन का वक्त लगता है। फेस्टिव सीजन में बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए, बीएसईएस की ओर से *तत्काल* कनेक्शन की सेवा शुरू की गई है। शादी समारोहों व अन्य कार्यक्रमों के लिए भी तत्काल कनेक्शन का ऑफर दिया गया है।

तत्काल अस्थायी कनेक्शन के लिए, बीआरपीएल उपभोक्ता 19123 / 39999707 और बीवाईपीएल उपभोक्ता 19122 / 39999808 पर फोन करके या अपने डिविजन ऑफिस में जाकर सामान्य व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा कर सकते हैं। बीएसईएस की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर भी तत्काल अस्थायी कनेक्शन के लिए, ऑनलआइन आवेदन किया जा सकता है। अस्थायी कनेक्शन के लिए जारी किए गए डिमांड नोट का भुगतान भी उपभोक्ता ऑनलाइन या मोबाइल ऐप के जरिये कर सकते हैं। वैसे, बीएसईएस के निर्धारित काउंटरों पर भी डिमांड नोट का भुगतान किया जा सकता है।

उपभोक्ता द्वारा व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने और डिमांड नोट का भुगतान करने के बाद, उसी दिन उसे बिजली का अस्थायी कनक्शन उपलब्ध कराने के लिए बीएसईएस की टीम ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। *तत्काल* कनेक्शन उपलब्ध कराने में कंपनी की विशाल आईटी नेटवर्क का भी अहम योगदान रहेगा।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– बीएसईएस की पूरी टीम तत्काल कनेक्शन की योजना को संभव बनाने की कोशिशों में जुट गई है। बीएसईएस का अत्याधुनिक, विशाल आईटी नेटवर्क इस योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह स्कीम बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए त्योहारी सीजन को और यादगार बनाएगी।

प्रवक्ता के मुताबिक, त्योहारी सीजन में विश्वसनीय बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए बीएसईएस डिस्कॉम्स कई उपाय कर रही हैं। बीएसईएस की ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

वैसे, त्योहारों के इस सीजन में बिजली की चोरी बढ़ जाती है। बिजली चोरी की जांच के लिए अतिरिक्त टीमें गठित की गई हैं। बिजली चोरी को पकड़ने के लिए डेटा के विश्लेषण पर फोकस किया जाएगा और उस हिसाब से जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बीएसईएस ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि उत्सव को सेलिब्रेट करने के लिए तत्काल कनेक्शन लें। चोरी की बिजली इस्तेमाल

करना न सिर्फ आर्थिक रूप से उन पर भारी पड़ सकता है, बल्कि त्योहारों के इस मौसम में उन्हें सामाजिक तौर पर शर्मिंदगी भी उठानी पड़ सकती है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।